<u>होली समारोह 2019 – 20</u>

रंगो का त्योहार होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में बिना किसी रंग ,रूप, लिंग भेद के मनाया जाता है। यह पर्व बसंत का संदेशवाहक भी माना जाता है। होली पर्व के अवसर पर विद्यालय प्रागंण में एक विशेष असेम्बली का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 12 वीं 'अ' तथा 'ब' के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर छात्र –छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसके आरंभ में विद्यार्थियों ने होली के महत्त्व को बताते हुए प्रह्लाद तथा होलिका के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर एक नाटक की भी प्रस्तुति दी गई। जिसमें उन्होंने सरहद पर तैनात हमारे सैनिक भाई किस प्रकार होली मनाते है इस बारे में बताया गया तथा हम अपनी होली सुरक्षित रूप से मना सके । इसके लिए उनके त्याग की भावना व देशप्रेम को दर्शाया गया।

इस अवसर पर एक हास्य कवि सम्मेलन की भी प्रस्तुति दी गई। जिसे विद्यार्थियों ने खूब पसंद किया।

नृत्य और संगीत के बिना हमारे त्योहार अधूरे से लगते है अतः इस अवसर पर छात्राओं द्वारा एक शानदार रंगारंग कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के अंत में कक्षा 12 वीं 'अ' तथा 'ब' के छात्रों ने विद्यार्थियों से सुरक्षित रूप से होली मनाने की अपील की।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के. ने सभी को होली की शुभकामनाएँ दी तथा सुरक्षित होली मनाने की अपील की ।